

दैनिक
# कीर्तिप्रभा
खबरों के सच का निर्भीक आइना

रीवा भोपाल से एक साथ
वर्ष: 28, अंक: 349 पृष्ठ 12, रीवा

गुरुवार 10 सितम्बर 2026
मूल्य: 3.00 रुपए



## पौड़ी में लैंडस्लाइड से दुकानें कराई खाली, मध्यप्रदेश में मानसून पर लगा ब्रेक

### -यूपी में 23 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी, 3 जिलों में स्कूल बंद

नई दिल्ली,। उत्तराखंड के पौड़ी में लैंडस्लाइड के कारण पाबौ बाजार की छह दुकानें खाली करानी पड़ीं। यहां 25 से ज्यादा दुकानों पर खतरा मंडरा रहा है। लैंडस्लाइड के कारण घरों और दुकानों में भी दरारें आ गई हैं। वहीं, पहाड़ी जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर तीन दिन का ब्रेक लिया है। मौसम विभाग भोपाल ने 11 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अनुमान नहीं जताया है। इसी दिन पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया सक्रिय होगा। इसका असर 12 सितंबर से दिखना शुरू हो सकता है। यूपी में बुधवार को वाराणसी और प्रयागराज समेत 23 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बारिश के चलते लखीमपुर और बरेली में कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है।

वाराणसी में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे, जबकि कक्षा 6 से 12 तक के स्कूल सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगे। बिहार में गंगा समेत 8 नदियां अभी भी उफान पर हैं। राज्य के 14 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इससे करीब 35.89 लाख लोग प्रभावित हैं। पश्चिम बंगाल के मालदा में गंगा का जलस्तर बढ़ने से महानंदा टोला और आसपास के इलाकों में बाढ़ और तेज कटाव की स्थिति बनी हुई है। इससे करीब 15 से 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं बिहार में गंगा समेत 8 नदियां अभी भी उफान पर हैं। राज्य के 14 जिलों के 62 प्रखंडों की 491 पंचायतों में बाढ़ की गंभीर स्थिति बनी हुई है।

## सरकार की नाकामी पर सवाल पूछने वालों को धमकाना और प्रताड़ित करना गलत

### -गुलजार सिंह की मौत पर राहुल गांधी का पंजाब सरकार पर हमला, हरपाल चीमा के इस्तीफे की मांग



नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर ग्रामीण गुलजार सिंह की कथित आत्महत्या को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से वित्त मंत्री हरपाल चीमा का तत्काल इस्तीफा लेने और मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच च्एक्सज् पर कहा कि पंजाब की आप सरकार के तहत एक खतरनाक प्रवृत्ति उभर रही है, जिसमें सरकार की नाकामी पर सवाल उठाने वालों को जवाब के तौर पर धमकी और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम जनता के सवालों का जवाब देना है, सवाल पूछने वालों को दबाना नहीं। राहुल गांधी ने दावा किया कि गुलजार सिंह अपने बेटे को नशे की गिरफ्त में जाते देख रहे थे और उन्होंने इसी मुद्दे पर वित्त मंत्री से सवाल किया था।

कांग्रेस नेता के मुताबिक, कथित प्रताड़ना और अपमान के बाद गुलजार ने जहर खा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि इलाज के लिए उन्हें एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन आखिरकार उनकी मौत हो गई। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से वित्त मंत्री हरपाल चीमा का इस्तीफा लेने की मांग करते हुए कहा कि मामले की ऐसी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिसमें संबंधित लोगों की भूमिका की भी जांच की जाए।

परिवार ने लगाया दबाव का आरोप

दरअसल संगरूर जिले के दिरबा निवासी 47 वर्षीय दलित गुलजार सिंह की सोमवार रात कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि छह सितंबर को दिरबा में आयोजित एक कार्यक्रम में गुलजार सिंह ने वित्त मंत्री हरपाल चीमा से इलाके में लगातार हो रही नशीले पदार्थों की आपूर्ति को लेकर सवाल किया था। इसके बाद कथित तौर पर उन पर माफी मांगने का दबाव बनाया गया और उन्हें प्रताड़ित किया गया।

### गांव की लड़कियों से की शादी तो होगा बायकॉट

जगराओं । पंजाब के रायकोट रोड स्थित रूमी गांव में प्रेम संबंधों को लेकर पंचायत और ग्रामीणों ने सख्त फैसला लिया है। गुरुद्वारा सिंह सभा मे हुई बैठक में तय किया गया कि गांव का कोई युवक यदि गांव की ही लड़की को भगाकर ले जाता है या उससे शादी करता है, तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। युवक के परिवार के खिलाफ भी बहिष्कार की कार्रवाई की बात कही गई है।

### तस्करी कर लाए गए औरंगुटान के 5 बच्चे

बालासोर ओड़िशा के बालासोर जिले के बिचित्रपुर जंगल में मंगलवार सुबह औरंगुटान के पांच बच्चे मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, ये जानवर भारत में नही पाए जाते हैं। औरंगुटान मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया, बोर्नियो और सुमात्रा के जंगलों में पाए जाते हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन्हें तस्करी के जरिए भारत लाया गया होगा।

### राम मंदिर ट्रस्ट से हटाए गए खास् कर्मचारियों की वापसी शुरु

अयोध्या, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नए महासचिव स्वामी गोविंददेव गिरि के कार्यभार संभालने के बाद मंदिर की व्यवस्थाओं में बदलाव किए गए हैं। अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन के कार्यकाल में हटाए गए या दूसरी जगह भेजे गए कई च्खासज् कर्मचारियों की पुराने पदों और दायित्वों पर वापसी शुरू हो गई है। इनमें पूर्व ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और ट्रस्ट से जुड़े अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के करीबी माने जाने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर में मेडिकल इंटर्न की भूख हड़ताल, एक हफ्ते से जारी है प्रदर्शन

जम्मू,जम्मू-कश्मीर के सरकारी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों के मेडिकल इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन तेज हो गया है। करीब एक हफ्ते से प्रदर्शन कर रहे इंटर्न ने अब 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि सरकार के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद स्टाइपेंड बढ़ाने को लेकर अब तक कोई औपचारिक लिखित आदेश जारी नहीं हुआ है।

### ट्रिब्यूनल के 248 सदस्यों को बड़ी राहत, बढ़ाया गया कार्यकाल

नई दिल्ली,केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अलग-अलग ट्रिब्यूनल के 248 सदस्य ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट, 2026 के तहत कार्यकाल बढ़ाने के लिए पात्र पाए गए है।

## कर्नाटक में मंत्री के 5 ठिकानों पर सुबह-सुबह ईडी ने मारे छापे

### -सांसद बेटी और साले भी आ गए लपेटे में



बेंगलुरुकर्नाटक में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार तड़के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने जारकीहोली के साथ-साथ उनकी बेटी प्रियंका जारकीहोली और उनके साले मंजूनाथ के ठिकानों पर भी कार्रवाई की है। मामला बेलगावी में कई बार को अवैध रूप से लाइसेंस देने से जुड़ा है।

जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीमों ने बुधवार सुबह सुरक्षा बलों के जवानों की कड़ी सुरक्षा के बीच छापेमारी शुरू की। बेंगलुरु शहर के 5 मुख्य ठिकानों के अलावा बेलगावी और महाराष्ट्र में स्थित मंत्री और उनके साले मंजूनाथ के घर और दफ्तरों की भी तलाशी ली जा रही है। अधिकारी परिसरों में मौजूद वित्तीय दस्तावेजों, बैंक खातों और संपत्ति के कागजातों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। यह मामला आबकारी विभाग में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। आरोप है कि सतीश जारकीहोली ने अपने मंत्री पद के प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए लगभग 18 बार को नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से लाइसेंस दिलाए। जांच एजेंसियों का दावा है कि इन बार से हासिल हुई काली कमाई को अवैध रूप से विदेशों में निवेश किया गया। शुरुआती जांच में 3 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध हेरफेर की बात भी सामने आई है। अब ईडी इस फंड ट्रांसफर के स्रोत और नेटवर्क का पता लगाने के लिए कागजातों को खंगाल रही है।

इससे पहले बीते जनवरी महीने में ईडी ने कर्नाटक के आबकारी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त वाई मंजूनाथ के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की थी। मंजूनाथ जारकीहोली के साले हैं। ईडी ने तब मंजूनाथ से जुड़े कम से कम छह ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## जज ने कहा- डरपोक कहलाने से बेहतर है मरना



### 17 साल की सेवा में 36 दोषियों को मृत्युदंड सुनाने वाले जिला जज रवि कुमार दिवाकर

मुजफ्फरनगर, शाहपुर शहजादी हत्याकांड में पति नदीम को फांसी की सजा सुनाते हुए जिला जज रवि कुमार दिवाकर ने अपने फैसले में न्यायिक स्वतंत्रता और सिद्धांतों को लेकर कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि वह डरपोक जज कहलाने के बजाय मरना पसंद करेंगे और जब तक अपने सिद्धांतों के अनुसार काम कर सकते हैं, तब तक सेवा में रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जज की कुर्सी पर रहते हुए फैसला लेने का अधिकार उनका होना चाहिए। नदीम पर अदालत ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जज ने अपने फैसले में कहा कि उनके माता-पिता ने उन्हें बचपन से भगवान से डरना सिखाया है, किसी और से नहीं। उन्होंने कहा कि अगर न्यायाधीश किसी अन्य व्यक्ति के डर से फैसला लेने लगे तो जनता का अदालत से भरोसा उठ जाएगा। उन्होंने माफियाओं से डरने की स्थिति में न्यायिक संस्था से इस्तीफा देने की बात भी कही।

एक जानकारी के मुताबिक, रवि कुमार दिवाकर ने 17 साल की न्यायिक सेवा में अब तक 36 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। मुजफ्फरनगर में पिछले पांच महीनों में उन्होंने 23 दोषियों को मृत्युदंड दिया है। हालांकि, इन मामलों में अंतिम कानूनी स्थिति और सजा के क्रियान्वयन की जानकारी उपलब्ध सामग्री में नहीं दी गई है।

## दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव मेहता ने की आत्महत्या



### सुसाइड नोट में मानसिक परिशानियों का जिक्र

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव और 1975 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी राकेश मेहता के निधन की खबर ने प्रशासनिक जगत को झकझोर दिया है। 6 सितंबर 2026 को नोएडा स्थित अपने आवास पर उनकी मौत हुई। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया है और मौके से एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें मानसिक और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का जिक्र किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है राकेश मेहता के जीवन का आखिरी अध्याय बेहद दुखद रहा। नोएडा के सेक्टर-82 स्थित उनके आवास पर उनकी मौत हुई। पुलिस के मुताबिक उस समय वह घर में अकेले थे। उनकी पत्नी अपने छोटे बेटे से मिलने देहरादून गई हुई थीं। पुलिस को सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। घर का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया। मौके से एक कथित सुसाइड नोट भी मिला। पुलिस के मुताबिक इस नोट में राकेश मेहता ने अपनी मानसिक और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का जिक्र किया था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उनकी परेशानी की परिस्थितियां क्या थीं और घटना से जुड़े दूसरे पहलू क्या हैं। राकेश मेहता के प्रशासनिक करियर का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव 2007 में दिल्ली के मुख्य सचिव बनना था। उस समय दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित थीं। उन्होंने करीब तीन साल से ज्यादा समय तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली। यह वह दौर था जब दिल्ली तेजी से बदल रही थी और राजधानी में बड़े बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट चल रहे थे। 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित किए गए थे, और गेम्स की तैयारियों के दौरान दिल्ली के मुख्य सचिव के तौर पर राकेश मेहता की भूमिका काफी महत्वपूर्ण थी।

## मलबे में दबे छात्र ने किया फोन, भेजी लाइव लोकेशन फिर बची जान

### दोस्तों ने सत्य निकेतन पहुंचकर किया रेस्क्यू



नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी बिल्डिंग गिरने की घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे में सात लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए, लेकिन एक घटना ऐसी भी सामने आई है जिसने उम्मीद की किरण जगाई। मलबे के नीचे दबे 19 वर्षीय छात्र नीरज बाबा ने अपनी जान बचाने के लिए आखिरी दम तक हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने मलबे के नीचे फंसे रहते हुए पहले अपने दोस्तों को फोन करके मदद मांगी और फिर अपनी लाइव लोकेशन उन्हें भेज दी। यही सूझबूझ उसके लिए अपनी जिंदगी बचाने की सबसे बड़ी उम्मीद बन गई।

19 साल के नीरज बाबा पिछले कई दिनों से डीयू छात्रसंघ चुनाव के प्रचार में व्यस्त थे। लगातार 20 दिनों तक चुनाव अभियान में रहने के बाद रविवार को बारिश होने पर वह आखिरकार सत्य निकेतन स्थित अपने हॉस्टल केज पीजी लौटे थे। जैसे ही वह कमरे में पहुंचे, कुछ ही पल में पूरी इमारत भरभराकर गिर गई और वह मलबे के नीचे दब गए। गनीमत यह रही कि मलबे में फंसे होने के बावजूद नीरज के पास उसका मोबाइल था। उन्होंने तुरंत अपने दोस्तों को फोन किया और कहा, च्भैया, मुझे बचा लोज् मैं यहां मर जाऊंगा।ज्ज् इसके कुछ मिनट बाद उन्होंने अपनी लाइव लोकेशन भी भेज दी ताकि दोस्त सही जगह तक पहुंच सकें। नीरज का दोस्त विष्णु अपने साथियों के साथ तुरंत घटनास्थल पहुंचा। उन्होंने मोबाइल पर मिली लोकेशन के आधार पर मलबा हटाना शुरू किया। तभी मलबे के बीच बने एक छोटे से छेद से किसी ने मोबाइल बाहर फेंका। स्क्रीन देखकर दोस्तों को यकीन हो गया कि यह नीरज का ही फोन है और वह उसी जगह मलबे में फंसा हुआ है। इसी दौरान लोगों ने शोर मचाया कि पास की इमारत भी गिर सकती है। खतरे को देखते हुए सभी को वहां से हटना पड़ा। दोस्तों ने पुलिस से अंदर जाने की गुहार लगाई, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें रोक दिया गया।

करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एनडीआरएफ की टीम ने उसी जगह से नीरज को बाहर निकाला, जहां उसकी लाइव लोकेशन मिली थी। गंभीर हालत में उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी सर्जरी की गई। बाद में उसकी दूसरी सर्जरी भी हुई और परिवार के मुताबिक उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। नीरज जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले का रहने वाला है और दिल्ली विश्वविद्यालय के मोतीलाल नेहरू कॉलेज में कॉमर्स की पढ़ाई कर रहा है।

## झारखंड में लगातार 3 शिक्षा मंत्रियों का निधन

### मौत के पीछे के कारणों की हो रही तलाश



रांची;। झारखंड में शिक्षा मंत्री का पद अब राजनीति में प्रचलित अंधविश्वास की कहानियों में शुमार हो गया है। लगातार तीसरे शिक्षा मंत्री की असामयिक मौत ने इस पद को लेकर गंभीर चर्चा और आशंकाएं पैदा कर दी हैं। पहले जगरनाथ महतोए फिर रामदास सोरेन और अब सुदिव्य सोनू के निधन ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या इस पद के साथ कोई अशुभ जुड़ा है।

हेमंत सोरेन ने 2019 में जब भाजपा से सत्ता छीनीए तो उनकी सरकार में च्टाइगरच् नाम से मशहूर जगरनाथ महतो को शिक्षा मंत्री बनाया गया था। कोविड महामारी के समय उनके फेफड़े संक्रमित हुए और 6 अप्रैल 2023 को उनका निधन हो गया। जगरनाथ महतो के बाद रामदास सोरेन को शिक्षा मंत्रालय का दायित्व सौंपा गयाए लेकिन साल भर में ही वे भी चल बसे। इन दो मौतों के बाद पद पर बैठने की बारी आई तो तीसरे शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू को बनाया गयाए जो हेमंत सोरेन सरकार के संकटमोचक और जेएमएम में भरोसेमंद नेता माने जाते थे। हाल ही में 6 सितंबर 2026 को उनका भी निधन हो गयाए जिसने इस पद के इद.गिर्द अंधविश्वास की कहानियों को और बल दे दिया है।

यह सिर्फ झारखंड की बात नहींए राजनीति में ऐसे कई अंधविश्वास प्रचलित हैं। बिहार में लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने अपने मंत्री आवास ;3ए देशरत्न मार्गद्ध को च्भूतियाच् बता दिया थाए जब महागठबंधन सरकार गिरने के बाद 2018 में उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा। उनका आरोप था कि भाजपा और नीतीश कुमार ने इस आवास में भूत भेज दिए हैं। पटना में 39ए हार्डिंग रोड और स्ट्रैंड रोड का बंगला नंबर 6 जैसे कई अन्य सरकारी आवासों के बारे में भी यही धारणा रही है कि यहां रहने वाले मंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते। उत्तर प्रदेश में भी नोएडा को लेकर राजनीतिकों के बीच ऐसा ही अंधविश्वास रहा कि जो भी मुख्यमंत्री वहां गयाए उसकी कुर्सी चली गई। जून 1988 में वीर बहादुर सिंहए 1989 में एनण्डीण् तिवारी के बाद मुलायम सिंह यादवए मायावती और कल्याण सिंह के उदाहरण दिए जाते थेए जिनकी नोएडा दौरे के बाद सत्ता चली गई। इसी भय से 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव मुख्यमंत्री रहते हुए नोएडा जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। हालांकिए योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद बार.बार नोएडा का दौरा कर इस अंधविश्वास को ध्वस्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान इस बात का जिक्र किया था। अब झारखंड में अगले शिक्षा मंत्री के नाम को लेकर कयास तो लग रहे हैंए लेकिन लगातार तीसरी असामयिक मौत के बाद इसकी जिम्मेदारी लेने की हिम्मत कोई जुटा नहीं पा रहा है। चर्चा है कि इस बार कांग्रेस कोटे के किसी व्यक्ति को यह पद हेमंत दे सकते हैंए या यह भी कि यदि कोई तैयार नहीं हुआ तो हेमंत अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन को मंत्रिमंडल में शामिल कर उन्हें ही शिक्षा मंत्री बना सकते हैं।

## टेक्सटाइल मार्केट में लगी भीषण आग, 20 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर तैनात

### किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं, नुकसान का भी नहीं चला पता

सूरत, सूरत के सरोली इलाके में स्थित श्याम संगिनी टेक्सटाइल मार्केट में भीषण आग लग गई है। आग बुझाने करीब 20-22 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं। बचाव अधिकारियों के मुताबिक फायर कंट्रोल रूम को पहली इमरजेंसी कॉल रात करीब 12:52 बजे मिली, जिसके बाद पास के तीन फायर स्टेशनों से तुरंत दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सूरत नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग से प्रभावित मंजिलों की काफी ऊंचाई के कारण टर्नटेबल लैडर और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से आग बुझाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी धुएं से भरे परिसर में घुसने और प्रभावित मंजिलों तक पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए ब्रीदिंग अपैरेटस सेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। आग की तीव्रता और दायरे को देखते हुए इसे मेजर फायर घोषित किया गया, जिसके बाद आग बुझाने और बचाव अभियान में मदद के लिए सूरत के अन्य इलाकों से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां बुलाई गईं।

# मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध संरक्षण दिवस

## वन विभाग, संरक्षण संगठनों और हितधारकों ने गिद्ध संरक्षण के लिए तैयार किया रोडमैप





रीवा (कीर्तिप्रभा) अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध संरक्षण दिवस के अवसर पर गत दिवस जयंती कुंज वन कार्यालय में विशेष बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएफओ लोकेश निरापुरे की उपस्थिति में रीवा जिले में गिद्ध संरक्षण के लिए भविष्य की कार्ययोजना और रोडमैप तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, गिद्ध संरक्षण के लिए कार्य कर रहे स्थानीय संगठनों, समुदाय के प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों ने सहभागिता की। बैठक में गिद्धों के घोंसलों एवं प्रजनन स्थलों की सुरक्षा, नियमित मॉनिटरिंग, आवासीय क्षेत्र के संरक्षण, आवास क्षति को रोकने, सुरक्षित भोजन एवं मृत पशुओं के शवों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गिद्धों के लिए हानिकारक दवाओं के उपयोग एवं नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समग्र जन चेतना विकास परिषद के प्रतिनिधि सुमित सिंह ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से रीवा क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। भारत के वन्यजीव ट्रस्ट के सहयोग से संस्था द्वारा गिद्धों के घोंसलों की पहचान एवं निगरानी, प्रजनन गतिविधियों का अध्ययन, आवास संरक्षण, समुदाय एवं हितधारकों के बीच जागरूकता, सुरक्षित भोजन की उपलब्धता तथा गिद्धों के लिए हानिकारक पशु चिकित्सा दवाओं के प्रति जागरूकता जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इन संरक्षण प्रयासों में वन विभाग का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। बैठक में रीवा के गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र में गिद्धों के लिए गिद्ध फीडिंग स्टेशन स्थापित करने की आगामी योजना पर भी चर्चा की गई, जिससे गिद्धों को सुरक्षित एवं पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके। वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञ एवं जलवायु कार्यकर्ता देवादित्य सिन्हा ने गिद्ध संरक्षण, जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एसडीओ फॉरेस्ट, रेंजर, डिप्टी रेंजर तथा सेमरिया, सिरमौर और रीवा क्षेत्र के वनरक्षक भी शामिल हुए। वनकर्मियों ने अपने मैदानी अनुभव साझा किए। वहीं डीएफओ ने गिद्ध संरक्षण को लेकर वन विभाग के अनुभव, प्राथमिकताओं और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय गिद्ध संरक्षण दिवस के संदेश को युवाओं तक पहुंचाने के लिए यूनिवर्सिटी बायपास क्षेत्र में किशोरों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। खेल गतिविधि के माध्यम से युवाओं को वन्यजीव एवं जलवायु संरक्षण का संदेश दिया गया।

# रोजगार मेला कन्या महाविद्यालय में 16 सितंबर को

रीवा (कीर्तिप्रभा) युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में 16 सितंबर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में रीवा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले युवाओं के पंजीयन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। मेले में शामिल होने वाले युवाओं के लिए आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं की आयु 18 से 38 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, समस्त ट्रेडों से आईटीआई उत्तीर्ण तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त युवा रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 25 हजार रुपए कंपनीवाइज अलग-अलग निर्धारित किया गया है। रोजगार मेले में आने वाले युवाओं को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 17 सितम्बर तक

रीवा (कीर्तिप्रभा) . नायब तहसीलदार हुजूर नगर यतशी शुक्ला ने बताया है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा शासकीय भूमि आवंटन का आवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। इसके लिए कलेक्टर न्यायालय में ग्राम बोदा की शासकीय भूमि नम्बर 1225/1 रकबा 0.02 हेक्टेयर एवं भूमि क्रमांक 1228/1 रकबा 0.125 हेक्टेयर के आवंटन के लिए आवेदन किया गया है। इस भूमि के आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 17 सितम्बर तक नायब तहसीलदार हुजूर नगर कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्ति के निराकरण के बाद भूमि आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।

## लापरवाह सीएचओ और एएनएम का रूकेगा वेतन

रीवा (कीर्तिप्रभा) . स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। अनमोल पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार 31 अगस्त तक जिले में गर्भवती महिलाओं की दर्ज संख्या 12272 है। इनमें से 9718 महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों में तथा 1544 महिलाओं का प्रसव निजी अस्पतालों में हुआ। इनका प्रतिशत 91 है। इनमें से 873 महिलाओं का प्रसव जिले से बाहर हुआ तथा 137 का प्रसव घर पर ही हुआ। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध मे प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधाकर पाण्डेय ने बताया है कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं में 60 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाली सभी एएनएम तथा सीएचओ के वेतन आहरण पर रोक लगाई जा रही है। पोर्टल में निर्धारित बिन्दुओं पर 60 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि होने पर ही वेतन दिया जाएगा। सभी सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता हर गर्भवती महिला का समय पर पंजीयन और नियमित जाँच कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अपर कलेक्टर ने किया संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) . शासकीय संजय गांधी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है। इसकी उपचार व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल की व्यवस्थाओं की मानीटरिंग के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने राजस्व अधिकारियों की तैनाती की है। उनके द्वारा अस्पताल का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सुबह 10.30 बजे अस्पताल का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधीक्षक डॉ. प्रियंक शर्मा से ड्यूटी चार्ट के अनुसार डॉक्टरों की उपस्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ केवल एक सहायक की अनुमति के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन की जानकारी ली।

# गर्भवती महिलाओं की जाँच और उपचार में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## पाँच साल से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं - कमिश्नर

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश



रीवा (कीर्तिप्रभा) . रीवा संभाग के कमिश्नर शैलेन्द्र सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर्स अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। राजस्व न्यायालयों में लंबित पाँच साल से अधिक के सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं। संभाग के सभी जिलों में अब बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करें। राजस्व प्रकरणों में समय सीमा पर पटवारियों के प्रतिवेदन दर्ज कराएं। समय सीमा में प्रतिवेदन न देने वाले पटवारियों पर कड़ी कार्रवाई करें। आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से इश्तेहार जारी कराने तथा अन्य कार्यवाही सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति संतोषजनक नहीं है। हर गांव में शिविर लगाकर शेष बचे किसानों की फार्मर आईडी कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि बाढ़ से जन-धन हानि का सर्वे पूरा हो गया है। प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को राहत राशि का तत्काल वितरण कराएं। कलेक्टर टीएल बैठक में भू-अर्जन प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करें। भू-अर्जन के प्रकरणों में देरी होने से विकास कार्यों में देरी होती है। भू-अर्जन की प्रक्रिया समय पर पूरी न करके विकास कार्यों में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करें। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण 31 अगस्त तक पूरा कराएं। आवास की अंतिम किस्त प्राप्त करने के बाद भी निर्माण पूरा न कराने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करें। वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम से प्रत्येक स्कूल को जोड़ें। इसके माध्यम से स्कूल के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा उत्पादित वस्तुओं को मार्केट लिंकेज का लाभ लेकर विपणन कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में मिलावटी और अवैध शराब की बिक्री न हो इसे सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक शराब तथा अन्य मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करें। अन्य राज्यों से जुड़े क्षेत्रों पर नशीले पदार्थों की बिक्री पर विशेष निगरानी रखें। कोरेक्स तथा अन्य मादक पदार्थों को बेचने वालों के साथ-साथ इनकी सप्लाई करने वालों पर भी कार्रवाई करें। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि संभाग के सभी जिलों में स्वास्थ्य सूचकांक बेहतर करने की आवश्यकता है। लगातार निर्देशों के बावजूद गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और हाईरिस्क महिलाओं के उपचार प्रबंधन में अपेक्षा के अनुसार सुधार नहीं हो रहा है। गर्भवती महिलाओं का समय पर और शत-प्रतिशत पंजीयन कराएं। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार उपचार देकर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। रीवा, सीधी और सिंगरौली जिले में इस संबंध में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। कमिश्नर ने कहा कि स्कूलों में जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए शुरू की गई कोचिंग व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें। विद्यार्थियों को लगातार अच्छा कॅरियर मार्गदर्शन मिलने पर उनकी बोर्ड परीक्षा की तैयारी तथा प्रतियो ?गी परीक्षा की तैयारी एक साथ हो जाएगी। यहाँ विद्यार्थियों में अच्छी प्रतिभा है। माहौल बदलेगा तो विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफलता सुनिश्चित होगी। इन कक्षाओं में टेस्ट सीरीज का भी अभ्यास कराएं। प्रशासनिक अधिकारी भी समय निकालकर इनका मार्गदर्शन करें। कमिश्नर ने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों से जुड़े आंकड़े मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संयुक्त हस्ताक्षर से प्रस्तुत करें। संभाग से लेकर आंगनवाड़ी केन्द्र स्तर तक दोनों विभाग समन्वय से कार्य करें। गर्भवती महिलाओं का पंजीयन न होने तथा होम डिलेवरी के प्रकरणों पर एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करें। बैठक में कमिश्नर ने विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल तथा किताब वितरण, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, पोषण आहार वितरण तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

# मच्छर से फैलने वाले रोग डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचें

## रोग के लक्षण दिखने पर कराएं निःशुल्क जाँच



रीवा (कीर्तिप्रभा) जिला मलेरिया अधिकारी ने आम जनों को मच्छर से फैलने वाले रोग मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया जैसी बीमारियों से बचने की सलाह दी है। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि मच्छरों से बचाव व नियंत्रण के लिए जनभागीदारी व जनजागृति का होना आवश्यक है। वर्षाकाल में जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाने से उनमें मच्छरों की उत्पत्ति व वृद्धि होती है। ये मच्छर रोगी व्यक्ति को काटने पर संक्रमित हो जाते हैं व इन संकमित मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, रोग का प्रसार होता है। मलेरिया बुखार से ग्रसित रोगियों को ठंड लगकर बुखार आना, सिरदर्द, भूख न लगना सामान्य लक्षण है। डेंगू से अधिक तेज बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते, माशपेशियों एवं जोड़ो में दर्द, आंखे घुमाने में दर्द सामान्य लक्षण हैं। गंभीर स्थिति मे मुहं, नाक और आंतो से खुन आना, पेट दर्द, उल्टी होना और आंखो में खून उतरना, प्लेटलेट्स में अत्यधिक गिरावट होना जैसे लक्षण होते हैं। चिकुनगुनिया बुखार में उंगलियों और हाथ-पैर के जोड़ों में तेज दर्द, सिर दर्द, हल्का बुखार बना रहना, त्वचा में चकत्ते होना सामान्य लक्षण है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू व चिकनगुनिया बुखार टाईगर अथवा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में सक्रिय रहता है। बीमारी फैलाने वाले मच्छर घरों में नमी वाले अंधेरे स्थान में विश्राम करते हैं और साफ व रूके पानी में पनपते हैं। यह मच्छर हमारे घरों में व आसपास पानी से भरे बर्तनों, गमले, टंकी, टायर, मटके, कूलर, टूटा-फूटा कबाड़ में भरे पानी, नल, हैण्डपंप व कुएं के आसपास भरे पानी में अपने अण्डे देते हैं और 7 से 8 दिन में अंडे से मच्छर बनने का जीवनचक्र पूर्ण हो जाता है। इसलिए पानी से भरे बर्तन, टंकियों आदि का पानी सप्ताह में बदलते रहें। कुएं, हैण्डपंप, नल के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। उन्हें मिट्टी से भराव करायें या पानी की निकासी कराकर मच्छरों की उत्पत्ति स्थल को नष्ट करें। मच्छरों के लार्वा नहीं पनपने दें। मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरे आस्तीन के कपडे पहनें, मच्छर भगाने वाली क्रीम या क्वाइल का उपयोग करें, नीम की पत्ती का धुंआ करें।

# शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों को मिलेंगे नोटिस

## लंबित शिकायतों को शत-प्रतिशत निराकृत करने के दिए निर्देश - कलेक्टर

## कलेक्टर ने दिए जनकल्याणकारी एवं विकास कार्यों की गति लाने के लिए निर्देश



मऊगंज (कीर्तिप्रभा). कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक की अध्यक्षता में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जन विश्वास अभियान के तहत लंबित सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी शिविर तक सभी लंबित शिकायतों का आवेदकों की संतुष्टि के साथ शत-प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में विगत जन विश्वास कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई और ऐसी शिकायतें जो बिना किसी उचित कारण के अभी भी लंबित हैं, ऐसे संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अगला जन विश्वास शिविर शुक्रवार को नगर परिषद मऊगंज में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने पर जोर दिया। जिले में खाद की उपलब्धता व रैक लगने की जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम को खाद के सुचारू वितरण की व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भूमि सर्वेक्षण प्रकरणों की शीघ्र रिपोर्ट भेजने, भू-अर्जन समीक्षा, तथा नामांतरण, सीमांकन व बंटवारा के मामलों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी जनपद सीईओ को समग्र ई-केवायसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा गया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय विकास विभाग, जल संसाधन, कृषि, लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, सहित अन्य विभागों में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## 3 दिन के आंदोलन के आगे झुकी सरकार, जूडा की हड़ताल समाप्त

### इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड 50 प्रतिशत बढ़ा

प्रदेश भर में तीन दिन से चल रहे इंटर्न डॉक्टरों के आंदोलन का बुधवार को पटाक्षेप हो गया। सरकार ने डॉक्टरों की स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग स्वीकार करते हुए इसमें 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब इंटर्न डॉक्टरों को हर महीने 21 हजार 500 स्टाइपेंड मिलेगा। सरकार के फैसले के बाद डॉक्टरों ने आंदोलन समाप्त कर काम पर लौटने का ऐलान किया। स्वास्थ्य मंत्री एवं डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने इंटर्न डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) और एमटीए प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद स्टाइपेंड बढ़ाने की घोषणा की। सरकार ने डॉक्टरों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए फैसला लिया।

आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर हुए लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल का मामला भी सरकार के सामने पहुंचा। इस मामले में दो पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया है। साथ ही घटना की जांच के लिए टीम गठित की गई है और घायल छात्रों के इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। स्टाइपेंड की मांग को लेकर डॉक्टरों के आंदोलन का असर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दिखाई दिया।

# रीवा में अब भी सामान्य से कम बारिश 11 सितंबर से नया मौसमी तंत्र होगा एक्टिव

प्रदेश में फिलहाल तेज बारिश का दौर थम गया है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश में भारी या अति भारी बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 9 से 11 सितंबर तक अधिकांश इलाकों में मौसम अपेक्षाकृत शांत रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। स्थानीय स्तर पर नमी और परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो कुछ जिलों में तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं। 11 सितंबर को पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में नया कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत हैं। इसके असर से 12 सितंबर से मध्य प्रदेश में बारिश की गतिविधियां फिर बढ़ सकती हैं। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छंट गए और धूप खिली। भोपाल सहित कई जिलों में दिनभर धूप रही। वहीं श्योपुर, उज्जैन, इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी में कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहे।

## पूर्वी हिस्से में बारिश की कमी हुई कम

पिछले सप्ताह पूर्वी मध्य प्रदेश में हुई अच्छी बारिश से वर्षा का आंकड़ा सुधरा है। जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में अब बारिश की कमी काफी कम रह गई है। बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, दमोह,



जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, मंडला, रीवा, सागर, सिवनी समेत कई जिलों में सामान्य से 4 से 24 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है।

## 23 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश

प्रदेश के 23 जिलों में अब तक सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इनमें अनूपपुर, छतरपुर, मैहर, मऊगंज, निवाड़ी, पन्ना, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, दतिया, गुना, ग्वालियर, खरगोन, राजगढ़, श्योपुर और शिवपुरी शामिल हैं।

## जून की कमी अब तक पूरी नहीं हुई

जून में मध्य प्रदेश में सामान्य से 14 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। इसके बाद जुलाई और अगस्त में अच्छी बारिश के कई दौर आए। आखिरी सप्ताह में भी मजबूत मौसमी तंत्र सक्रिय हुआ, जिससे वर्षा का आंकड़ा सुधरा। इसके बावजूद जून की कमी पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी है। फिलहाल पूरे मानसून सत्र में प्रदेश में सामान्य से करीब 6 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में सामान्य मानसूनी बारिश करीब 37.3 इंच मानी जाती है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में सामान्य बारिश करीब 38 से 39 इंच रहती है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।